हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 7 .0 डिग्री

8 14 दिन से चल रहा पार्षदों का धरना समाप्त, झुका नप प्रशासन



8 अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचा लाभ : राजू मोर



### बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला की अध्यक्षता में परिवेदना समिति की बैठक

# बैठक में न आने पर तहसीलदार को थमाया नोटिस

### बेसमेंट में जिम ने किया परेशान, नप ईओ को दी चेतावनी, 16 में से 13 शिकायतों का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

परिवेदना समिति की बैठक में वीरवार को जींद के तहसीलदार को इतंकाल दर्ज करने मे देरी करने तथा बैठक में हाजिर न होने पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं नगर परिषद ईओ को भी दोबारा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही दोहराया कि पहले भी नगर परिषद के ईओ सस्पेंड हो चुके हैं। बैठक में 16 शिकायतें रखी गई थी। जिसमें से 13 का निपटान कर दिया गया है। जबकि तीन शिकायतों को आगामी बैठक के लिए पैंडिंग रखा गया है। जिनकी जांच गठित कमेटी करेगी। शिकायतों की सुनवाई के दौरान छह नंबर शिकायत तहसीदार के खिलाफ इंतकाल दर्ज न करने थी। शिकायत फरीदाबाद निवासी केसर ने दी थी। बैठक में तहसीलदार रविंद्र की बजाय नायब तहसीलदार अजय चौहान जवाब दे रहे थे। जब इंतकाल दर्ज मे देरी का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पूछने पर नायब तहसीलदार भी निकले। जिस पर उन्होंने एक्शन लेने की बात कहते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

बेसमेंट में जिम ने किया परेशान, नप ईओ को दी चेतावनी नगर परिषद के खिलाफ दो शिकायत थी। जिसमें नप ने तीन दिन पहले अतिक्रमण को हटा दिया। लेकिन एक जगह से मलबा नही उठा। जबकि दूसरी जगह फिर से अतिक्रमण की बात शिकायतकर्ता ने की। रिहायशी जगह को जिम के रूप मे कर्मशियल प्रयोग के बारे में बताया। जिम से आने वाली आवाज से परेशानी होने की बात कही। जिस पर नगर परिषद के ईओ ने अपना पक्ष रखा तो रणजीत चौटाला ने कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पहले वह नप के एक ईओ को सस्पेंड कर चुके हैं। इस लिए सही तरीके से कार्य करें। शिकायतों में एक ऐसी भी शिकायत थी, जिसमें सास अपनी पुत्रवधु के गांव के आवारा युवकों के साथ अवैध संबंध होने तथा परेशान करने के बारे में बताया गया। जब परिजन विरोध करते हैं तो उन्हें बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी जाती है। जिस पर मंत्री ने एसपी से पूरी जानकारी लेकर उसकी वरिष्ठ अधिकारी से जांच करवाने के आदेश दिए। परिवेदना समिति में हिसार के टैंट हाउस मालिक जितेंद्र मलिक द्वारा रखी गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने कहा कि विभाग के उच्च अधिकारियों से मिल कर परिवादी की बकाया बिल राशि का भुगतान जल्द करवाया जाए। इसी प्रकार झील गांव के महेंद्र व समस्त ग्राम वासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि झील गांव के लिए नहरी आधारित पीने का पानी की व्यवस्था की जाए। अहिरका गांव की सुमन, सावित्री, सोनिया व अन्य द्वारा रखी गई शिकायत का समाधान करते हुए समिति के अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि दोषी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सैनी मोहल्ला जींद के धर्मपाल द्वारा जमीनी विवाद को लेकर रखी गई शिकायत पर संज्ञान लेते परिवेदना समिति के अध्यक्ष ने नगराधीश की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर इसकी जांच करवाने के निर्देश दिए गए। जींद निवासी सुमित मित्तल द्वारा रखी गई शिकायत पर गौर फरमाते बिजली मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमित व राहुल पुत्र महेंद्र सिंह द्वारा मकान के आगे गली में किए गए अवैध निर्माण को तुड़वा कर रास्ते को सुगम बनाए। ब्राह्मणवास गांव के रामकरण द्वारा दोबारा बिजली कनेक्शन के लिए रखी शिकायत पर बिजली मंत्री द्वारा एसडीएम की अध्यक्षता में कष्ट निवारण समिति के सदस्यों को लेकर कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए। गांगोली गांव के सुभाष चंद्र द्वारा रखी गई एक अन्य शिकायत पर संज्ञान लेते हुए ग्रिवेंसिज कमेटी के अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारी को खेत में सिंचाई के लिए पानी निकासी को लेकर सही लेवल में पुलिया बनाने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शिक्षा विभाग से सेवानिवृत रेखा शर्मा द्वारा विभाग में अरंड लीव काटने को लेकर की शिकायत की सुनवाई करते हुए बिजली मंत्री ने जींद के एसडीएम को जांच अधिकारी बनाया गया।



जींद। परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री रणजीत चौटाला।



जींद। बैठक में शिकायत रखता शिकायतकर्ता। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा, नरवाना विधायक रामनिवास, एसपी सुमित कुमार, एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफ ीदों के एसडीएम मनीष कुमार फ ोगाट, नगराधीश नमिता कुमारी, डीएफएससी निंशात राठी, जिला महामंत्री डा. राज सैनी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### हर वर्ग के लिए बेहतर व्यवस्था

बिजली मंत्री ने कहा कि बिजली की आपूर्ति व आत्मनिर्भता के मामले में राज्य देश में दूसरे पायदान पर है। जिसके कारण देश की औद्योगिक इकाइयां अब हरियाणा में प्रवेश कर रही हैं। जिनसे राज्य को आर्थिक तौर पर फायदा भी पहुंच रहा है और युवाओं को रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे है। कहा कि किसानों के फसलों में नुकसान की भरपाई करते सरकार ने पूरे देश में सबसे 'याद्या मुआवजा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है।

### इंतकाल दर्ज करने में देरी क्यूं लूंगा एक्शन : जेल राज्यमंत्री

जींद। निगरानी कमेटी की बैठक में शामिल न होने तथा इंतकाल दर्ज करने में देरी करने पर बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने जींद के तहसीलदार को कारण नोटिस जारी किया है। रणजीत सिंह ने साफ कहा कि इस मामले पर वे एक्शन लेंगे। चौटाला वीरवार को परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 शिकायतें रखी गई थी। जिसमें 13 का निपटान कर दिया गया। तीन शिकायतों को आगामी बैठक लिए पेंडिग रखी गई है। गांव झाड सेतली फरीदाबाद निवासी केसर सिंह ने शिकायत में बताया था कि रघु नगर में चार कनाल जमीन खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री 28 फरवरी 2022 को हो चुकी थी। जिसका इंतकाल आजतक दर्ज नहीं हुआ। वह लगातार तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काट रहा है लेकिन उसका इंतकाल दर्ज नही हुआ। जिसके कारण उसे फरीदाबाद से आने जाने मे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### नरवाना से चोरी ट्रैक्टर ट्राली सजूमा से बरामद

जींद। नरवाना के हिसार रोड मिल के सामने से ट्रैक्टर ट्राली के गायब होने पर शहर नरवाना पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर दो आरोपितों को काबू कर टैक्टर तथा ट्राली को बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। प्रेम नगर निवासी माया सिंह ने शिकायत में बताया कि वह ट्रैक्टर ट्राली को मिल के सामने खड़ा कर घर चला आया था।

### चोरी की बाइक सहित आरोपित गिरफ्तार

कैथल। वाहन चोरों पर एसपी उपासना के निदेर्शानुसार शिकंजा कसते हुए एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा एक आरोपी को चोरीशुदा बाइक सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल स्टाफ के एचसी अनिल कुमार व एचसी लखविंद्र सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली कि शुगर मिल कालोनी कैथल निवासी राजेंद्र उर्फ राजु के पास चोरी की बाइक है।

### असलहा के साथ फोटो अपलोड करना पड़ा भारी

जींद। इंस्टाग्राम अकाउंट पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर जिला पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम पर कुलबीर पेगां के नाम से आईडी बनी हुई है।

### नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाया अभियान

कैथल। जहां पर जिला पुलिस द्वारा आमजन को नशा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस मुहीम तहत एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गांव खरकां में संदिग्धों के घर पर नियमानुसार जांच की गई।

### हमला कर घायल करने पर छह के खिलाफ केस

जींद। गांव सुंदरपुर में रंजिशन हमला कर दो लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुंदरपुर निवासी माया देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी महिपाल परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते महिपाल परिवार ने सुनील तथा आस्था को रास्ते में घेर लिया और हमला कर घायल कर दिया।

### तार चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैथल। खेत से मोटर की तार चोरी करने के मामले मे थाना सीवन पुलिस के एचसी शिव कुमार द्वारा आरोपी सीवन निवासी सन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी अजमेर की शिकायत अनुसार उसके सोथा रोड़ सीवन स्थित खेत के आस पास से अज्ञात चोर द्वारा मोटर की तार चोरी होनी पाई गई थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। बिशंभर नगर से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। बिशंभर नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 दिसंबर को उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### नाबालिगा के यौन शोषण का आरोप

जींद। शहर थाना इलाके में नाबालिग लड़की को नशीला पदार्थ देकर, बंधक बना यौन शोषण का मामला सामने आया है। विरोध करने-घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने,एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क पर गहरे गड्ढे बने परेशानी

■ सेरधा से कोटड़ा को जाने वाली सड़क के गड्ढे दे रहे हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव सेरधा से कोटड़ा को जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे है। ग्रामीण राजेश, सुनील, शमशेर, बलवंत बलजीत, मदन, रामकुमार, अशोक, सचिन ने बताया कि जगह जगह टूटी फूटी सड़क के कारण आए दिन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन लोगों ने बताया कि इस सड़क को लेकर वह पिछले लंबे समय से प्रशासन को अवगत करवा चुके है। इन लोगों ने बताया कि कई वाहन चालक अपने वाहन तुड़वा चुके है। सड़क की दयनीय हालत के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है। रात के समय सड़क से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। इन्होंने बताया कि कई बार संबधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवा चुके है। परंतु विभाग इस ओर लंबी तान कर सोया हुआ है। इन लोगों ने मांग करते हुए कहा कि इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि वाहन चालकों को किसी समस्या से जूझना न पड़े।



राजौंद। सेरधा से कोटड़ा को जाने वाली सड़क पर बने गड्ढे। फोटो :हरिभूमि

## आज फिर हड़ताल पर रहेंगे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एक सप्ताह में दूसरी बार शुक्रवार को नागरिक अस्पतालों में चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। इस बार इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं भी बंद रखे जाने की बात कही गई है। चिकित्सक केवल इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि कोई गंभीर मरीज हो और इलाज से उसकी जान बच जाए तो उसको उपचार दिया जाए। बुधवार को केवल ओपीडी को बंद रखा गया था। इसमें भी लोगों को काफी परेशानी हुई। अब इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं बंद होने से पूरी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में लोगों को काफी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को दूसरी बार हड़ताल पर रहेंगे। एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि बुधवार को हड़ताल के दौरान बीएएमएस तथा एनएचएम चिकित्सकों को ओपीडी में बैठाया गया था, इससे कुछ मरीजों का इलाज तो मिला था। अब उन्होंने वीरवार को बीएएमएस तथा एनएचएम चिकित्सकों से भी बातचीत कर ली है। वह भी हड़ताल में उनका समर्थन करेंगे। ऐसे में शुक्रवार को पूरी तरह से अस्पताल बंद ही रहेगा। उन्होंने लोगों से हड़ताल के लिए माफी मांगते हुए कहा कि उनकी सरकार मांगें पूरी नहीं कर रही है। सरकार की हठधर्मिता के कारण उनको हड़ताल करनी पड़ रही है।




जींद। नागरिक अस्पताल जींद।

#### एनएचएम व बीएएमएस चिकित्सकों का बुलाया

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है। एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों तथा बीएएमएस चिकित्सकों को बुलाया गया है। मरीजों को किसी भी सूरत में परेशान नहीं होने दिया जाएगा।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते शिवनारायण शर्मा।

### जींद में पर्यटन के क्षेत्र विकसित किए जाएंः शिवनारायण

जींद। मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा ने कहा कि जींद के लोग अब जाग चुके हैं तथा वे इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति चाहते हैं। विशेषकर सभी माताएं, बहनें चाहती हैं कि हमारे इस क्षेत्र में काफी सारे उद्योग व धंधे लगे ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। शिवनारायण शर्मा रामनगर स्थित सतबीर शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन के क्षेत्र विकसित किए जाएं तथा जू बनाया जाए ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके और इस क्षेत्र को एनसीआर से बाहर निकाला जाए। एनसीआर से यहां के लोगों को फायदा नहीं बल्कि नुकसान हुआ है। कहा कि आने वाली तीन जनवरी को पुरानी अनाज मंडी में जींद के विकास को लेकर एकत्रित होंगे और मांगों का लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। इस अवसर पर उनके साथ युवा अध्यक्ष वृंद्वा शर्मा, रिषिराम शर्मा, विवेक कौशिक, अर्जुन, जयभगवान, सतबीर शर्मा, कृष्णदत्त, राजबाला, संतोष देवी व राजपती देवी मौजूद रहे।

## उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

■ लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन की बैठक लघु सचिवालय पार्क में जिला प्रधान चांदीराम के अध्यक्ष में हुई और भट्ठा मजदूरों की समस्याओं का ज्ञापन डीसी के नाम सौंपा। प्रेस को दी जानकारी में जिला सचिव कॉमरेड नरेश कुमार रोहेड़ा ने बताया भट्ठा मजदूरों को लगभग 9 वर्ष पहले भट्ठों अस्थाई राशन कार्ड बनाकर सबको सस्ता राशन दिया जाता था लेकिन बीजेपी सरकार आने के बाद आधार कार्ड के माध्यम से राशन देने के नाम से अस्थाई राशन कार्ड बनाने बंद कर दिए जिस कारण मजदूरों को राशन मिलना बंद हो गया और फिर यूनियन के लगातार आंदोलन के दबाव में आधार पर राशन देना तो शुरू कर दिया लेकिन अनेक मजदूरों के अंगूठे के निशान न मिलना या पीछे से राशन कार्ड कट जाना आदि समस्याओं के कारण बहुत सारे मजदूरो को राशन मिल ही नहीं पता अब यूनियन ने अनेक भटठों पर सर्वे कर देखा तो यह पाया की भट्ठों पर 50 परिवार रह रहे हैं तो राशन केवल 10या15 परिवारों को ही मिल पाता है। और अब दिसंबर महीने का राशन यह कहकर मना कर दिया की पीछे से आने वाला राशन कम आया है।




कैथल। मांगों को लेकर रोष जताते मजदूर। फोटो :हरिभूमि



गुहला-चीका। एसआई रमेश मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के स्टाफ को जागरूक करते।

### वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के निर्देश

गुहला-चीका। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में बसों पर रिफ्लेक्ट टेप लगाई गई ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में थाना प्रबंधक यातायात सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार तथा ट्रैफिक पुलिस के अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा सभी वाहन चालकों को बताया गया कि प्रायः देखने में आ रहा है कि इस समय धुंध का मौसम चल रहा है। धुंध के मौसम के दौरान सावधानियों को बढ़ाते अपने वाहन को धीमी गति से चलाने के लिए जागरूक करने के अलावा यातायात नियमों की समुचित पालना करने तथा फोग लाइट में डीपर का प्रयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए। सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार तथा स्कूल के प्रधानाचार्य राजन शर्मा द्वारा स्कूल बसों पर आगे और पीछे लाल पीली वह सफेद रंग की रिफ्लेक्टर टेप लगवाई गई हैं ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ट्रैफिक इंचार्ज रमेश ने चालकों को संबोधित करते कहा कि वह सभी वाहन चालक दूंढ के मौसम में वाहन चलाते समय दूंढ बढ़ाते वह कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो जाती है तो इस दौरान वहां को धीमी गति से चलाएं।

### ठंड से बचने को लेकर लोगों ने लिया अलाव का सहारा

## मौसम में बढ़ी ठंडक से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शीतलहर के चलते मौसम में ठंडक बढ़ने से जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। आलम यह है कि गुरुवार को दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इससे पूरा दिन ठंड से जीवन अस्त-व्यस्त हो कर रहा गया। इस सर्द हवाओं में मौसम में ठंड के अहसास को एक बार फिर बढ़ा दिया है। ठंड का एहसास होने से दुकानदारों का धंधा भी गुरुवार को पूरी तरह चौपट होकर रह गया ठंड से बचने के लिए दुकानदार के साथ साथ आमजन अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दिए। ठंड का असर बेजुबान पशु पक्षियों पर भी देखने को मिला। ठंड की अधिकता गेहूं की फसल की सोने पर सुहागा साबित हो रही है किसानों को इसका बहुत लाभ मिलेगा कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इससे गेहूं की पैदावार काफी अच्छी होने की संभावना है जितनी ज्यादा ठंड पड़ेगी उतना ही गेहूं को लाभ मिलेगा हालांकि सब्जी व अन्य फसलों के लिए यह ठंड घातक साबित हो रही है। हरभजन, सुंदर का कहना है कि ठंड गेहूं की फसल में खाद का काम करेगी और फसलों में अच्छा फुटाव होगा।





कोहरे के कारण लाइटें जलाकर चलते वाहन चालक तथा ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि



जींद। वीरवार सुबह छाई धुंध। फोटो :हरिभूमि

### यातायात व्यवस्था प्रभावित, देरी से पहुंच रही गंतव्य पर

जींद। जिले में घनी धुंध तथा कोहरे का सिलसिला लगातार जारी है। बीती रात जबरदस्त कोहरा छाया रहा तो वीरवार को दिन का आगाज ठंड तथा घनी धुंध व कोहरे के साथ हुआ। जिसका असर जनजीवन तथा यातायात व्यवस्था पर साफ देखने को मिला। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा सड़क हादसा जिले में नही हुआ। वीरवार को अधितम तापमान 19 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 87 प्रतिशत तथा हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी धुंध से राहत मिलने के आसार नही है। किसान शाम को खेतों मे हलकी सिंचाई करें। पिछले छह दिनों से लगातार घनी धुंध के साथ कोहरा पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से जबरदस्त कोहरा तथा धुंध पड़ रही है। बुधवार शाम को घने कोहरे ने पूरे इलाके को अपने आगोश में ले लिया था। कोहरा इतना घना थी कि चंद कदम का भी नहीं दिखाई दे रहा था।

## खबर संक्षेप

### नेहा, दिव्या व यशिका की टीम रही अव्वल

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि में हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता कक्षा अध्यापिका सुमन मित्तल द्वारा करवाई गई। सभी बच्चों ने इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। टीम सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें नौवीं कक्षा की छात्राएं नेहा, दिव्या व यशिका थी। द्वितीय टीम ए प्राची, कोमल व सुनिधि ने प्राप्त किया।

### माकपा नौ को करेगी जिला स्तर पर प्रदर्शन

**जींद।** महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, निजीकरण, सांप्रदायिकता के खिलाफ माकपा नौ जनवरी को प्रदर्शन करेगी। जिला सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि भाजपा के नौ साल के कार्यकाल में आम जनता पर भारी बोझ डाल दिया है। जिस कारण आम आदमी का जीवन संकटग्रस्त हो गया है। दूसरी तरफ देश के कॉरपोरेट घरानों को लगभग 25 लाख करोड़ की भारी भरकम छूट देकर जनता की खून पसीने की कमाई को लुटवा दिया है।

### उचानाः इनेलो का महिला आक्रोश सम्मेलन 31 को

**उचाना।** आगामी 31 दिसंबर को कपास मंडी में शैड के नीचे आयोजित होने वाले इनेलो के महिला आक्रोश सम्मेलन को लेकर पालवां, शहर के विभिन्न वार्डों में महिला टीम ने दौरे किए। इनेलो हलकाध्यक्ष सूबे सिंह लोहान ने बताया कि प्रदेशस्तरीय महिला आक्रोश सम्मेलन को पार्टी प्रधान महासचिव अभय चौटाला, सुनैना चौटाला संबोधित करेंगी।

### अचल मुनि की याद में विशाल भंडारा 31 को

**उचाना।** गुरूदेव अचल मुनि महाराज की चौथी पुण्य तिथि पर 31 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीएसएस जैन धर्मशाला में भंडारा आयोजित होगा। श्रीएसएस जैन सभा के प्रधान दयानंद मित्तल ने बताया कि 2018 में उचाना में ऐतिहासिक चातुर्मास सुदर्शन संघ के अचल मुनि महाराज अपने शिष्यों के साथ किया गया था। इस चातुर्मास की गूंज पूरे उत्तर भारत में गूंजी थी।

### ताशों से जुआ खेलते 4 काबू, शिकायत दर्ज

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने खेड़ी तलोडा स्कूल के निकट ताशों के माध्यम से जुआ खेलते चार लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 1280 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव खेड़ी तलोडा के निकट कुछ लोग ताशों के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते ताश खेल रहे चार लोगों को काबू कर लिया।

### आश्रम का टूटा ताला नगदी व स्कूटी चोरी

**जींद।** जुलाना के ब्रह्माकुमारी आश्रम का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर स्कूटी, सोने की चैन तथा नगदी को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने केयर टेकर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना ब्रह्माकुमारी आश्रम के केयर टेकर छाजूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने आश्रम का ताला तोड़ कर स्कूटी, सोने की चैन, चार हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### सभी दुःख प्रारब्ध पाप से नहीः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि प्रारब्ध पाप से व्यक्ति जन्म से अंधा, लंगड़ा, असमर्थ, अपाहिज, मंदबुद्धि, रोगी, अल्पायु हो सकता है लेकिन संसार के सभी दुख प्रारब्ध पाप से नही, देश व काल प्रकृति की परिस्थितियों के अनुसार भी होते हैं। हमें वर्षा सर्दी गर्मी से अपने शरीर की रक्षा करने के लिए, भूख मिटाने के लिए रोजाना अनेकों कष्ट सहने पड़ते है।

### दुष्यंत जीत रहे है उचाना के लोगों का दिल : सत्ता

**उचाना।** जजपा नेता सत्ता जोगी एवं चंद्रपाल शर्मा ने कहा कि डिप्टी सीएम उचाना के लोगों का दिल जीत रहे है। सबसे कम उम्र के सांसद बनाने में उचाना हलके का अहम योगदान रहा तो सबसे कम उम्र का डिप्टी सीएम बने दुष्यंत चौटाला को उचाना के लोगों ने विस चुनाव में प्रचंड जीत दी।

---

### नगर परिषद प्रशासन ने धरने पर बैठे सभी पार्षदों की मांगों को माना

# 14 दिन से चल रहा पार्षदों का धरना समाप्त, झुका नप प्रशासन

**रद किए गए टेंडरो को दोबारा लगाने के लिए जल्द प्रारंभ की जाएगी प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। पार्षदों से बातचीत करते हुए कार्यकारी अधिकार। फोटोः हरिभूमि

कस्बे के नगर परिषद कार्यालय परिसर में पिछले 14 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे नगर पार्षदों की नप प्रशासन ने सभी मांगे मानी। जिसके बाद धरने पर बैठे सभी पार्षदों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने पर बैठे नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा पिछले 14 दिनों से चल रहे पार्षदों के धरने की जीत हुई है। उन्होने बताया कि धरना को समाप्त किया गया। उसके बाद सिंगला ने बताया कि धरने के 14वें दिन नगर परिषद ईओ कुलदीप मलिक पहुंचे और धरने पर बैठे पार्षदों से बात की जिसमें उन्होनें पार्षदों की मांगों को सुनी और मांगो को मानने के लिए हामी भरी। नगर परिषद प्रशासन ने धरने पर बैठे सभी दस पार्षदों की मांगों को मान लिया है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले तो नाइट स्विपिंग का टेंडर है जो वह अपलोड कर दिया गया है। उसको जल्द लगवाने के लिए ईओ ने कहा है। जो किन्हीं तकनीकी कारणों से वह अटका हुआ था। इसके अलावा जो टेंडर रद्द किए गए हैं उन्हें भी दोबारा लगाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ईओ द्वारा यह पार्षदों की मांगे मानने के आश्वासन दिए जाने के बाद सभी धरने पर बैठे पार्षदों ने धरने को समाप्त कर दिया। धरने पर बैठे पार्षद आशुतोष शर्मा, पार्षद डा संजय गर्ग, दिनेश गर्ग, गौरव सेतिया व पार्षद प्रतिनिधि चरण सिंह चोपड़ा, विनोद राइका, मा सुशील गोयल, सोनू चौहान मौजूद रहे।

**मांगें जल्द पूरी होंगी**

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि धरने पर बैठे पार्षदो की मांगो उनकी मांगो को जल्द पुरा करवाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। और उन्होंने कहा कि विकास कार्योंं में किसी भी प्रकार की धांधली नहीं चलने दी जाएग। उनके आश्वासन पर सभी धरने पर बैठे पार्षदों ने धरना समाप्त कर दिया।

**धरने पर बैठे नगर पार्षदों ने दी थी चेतावनी**

नगर परिषद कार्यालय में अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे सभी पार्षदों ने पिछले दिन के धरने में चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन मांगों को नहीं मानता तो आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। जिनमं उन्होने मुख्य मांगों में रद्द किए टेंडरों को लगाना, शहर के सभी वाडोंर् में विकास कार्य के लिए बराबर व्यवहार रखना, किसी भी प्रकार की धांधली नहीं होने देना और नप में मिलीभगत करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करना शामिल था।

---

# कांग्रेसियों ने पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन

- कांग्रेस पार्टी हमेशा देश की एकता की बात करती है : प्रदीप गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बाबा साहेब को नमन करते हुए प्रदीप गिल। फोटोः हरिभूमि

कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर नमन किया। समस्त नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश की एकता की बात करती हैं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान की बात की है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर देश मे एकता व प्यार का संदेश दिया

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप गिल ने कहा कि आज जहां हम कांग्रेस के इतिहास के बारे में बात करें तो कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीब व मजदूर किसान की बात की है। कांग्रेस पार्टी ने सभी का समान विकास किया है। आज जहां हम सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य की बात करे तो यह सभी कांग्रेस पार्टी की देन हैं। जहां आज देश का युवा घर बैठे बड़ी-बड़ी कंपनियों में काम कर रहा हैं वो कंप्यूटर की वजह से कर रहा हैं और देश मे कंप्यूटर की क्रांति स्व. राजीव गांधी लेकर आए थे। कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार में हमेशा त्याग की भावना रही है। हम 2009 की बात करें या उससे पहले की तो कांग्रेस पार्टी ने व गांधी परिवार ने हमेशा त्याग किया है। साल 2009 की बात करे तो सोनिया गांधी ने खुद प्रधानमंत्री न बन कर सरदार डा. मनमोहन सिंह को देश का प्रधानमंत्री बनाया। आज वर्तमान हालात की बात करे तो आज जहां बीजेपी पार्टी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जात व धर्म के नाम पर लोगों को लाडवा रहे हैं वही कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर देश मे एकता व प्यार का संदेश दिया है ओर अब 14 जनवरी को मणिपुर से मुंबई तक 6200 किलोमीटर की भारत न्याय यात्रा निकालने जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश की एकता की बात करती हैं।

**ये थे मौजूद**

महावीर कंप्यूटर, रघवीर भारद्वाज, दिनेश डाहौला, कमल चौहान, पवन गर्ग, दलबीर रेढू, मोनू कंडेला, धर्मपाल शर्मा, मंजीत सैनी, धर्मेंद्र ढिलोड, सुखीराम, अंकुश परोचा, धर्मबीर राठी, करमचंद ढुग्गल, पवन दूहन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वीर साहिबजादों के जीवन से ले युवा प्रेरणा : प्रशांत ढांडा

**जींद।** चौधरी चतर सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा वीरवार को गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर उनकी स्मृति में अर्बन एस्टेट में दूध सेवा लगाई गई। ट्रस्ट के सचिव प्रशांत ढांडा ने बताया कि गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक को न्यौछावर कर दिया था लेकिन अत्याचारियों के आगे नहीं झुके। वह उस उम्र में जब बच्चों को कोई जानकारी नही होती है। उस दौरान उन वीर साहिबजादों ने अपना सवार्ेच्च बलिदान दिया था। आज के युवाओं को उन साहिबजादों की जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। ट्रस्ट की तरफ से आने जाने वाले लोगो का दूध भी सेवा के रूप में पिलाया और साहिबजादों के के बलिदान तथा उनकी जीवन के बारे में बताया। इस मौके पर प्रशात ढांडा, गुरलाल सिंह, जयदेव श्योकंद, दलबीर सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



जींद। साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए लगाई गई दूध की छबील। फोटोः हरिभूमि

---

# जरूरतमंदों का सहयोग सर्वोपरिः डीईओ

- राजकीय उच्च विद्यालय भडताना में बच्चों को वितरित किए जूते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बच्चों को जूते वितरित करते डीईओ विजयलक्ष्मी। फोटोःहरिभूमि

राजकीय उच्च विद्यालय भडताना में कार्यरत संस्कृत अध्यापक डा. श्रीभगवान शास्त्री ने कक्षा एक से 10 तक जरूरतमंद छात्रों का सहयोग करते हुए सर्दी से बचाने के लिए विद्यालय के बच्चों को जूते वितरित किए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने विद्यालय प्रांगण में पहुंच कर बच्चों को जूते बांटे । जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्था साफ -सफाई, मिड-डे मील का भोजन की व्यवस्था को जांचा। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुखिया और अनुभवी अध्यापकों के सहयोग से ही छात्रों का सवांर्गीण विकास होता है। जिसमें विशेषकर छात्राओं की शिक्षा की और यह विद्यालय अग्रसर है। विद्यालय के मुखिया कुलदीप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों की पढ़ाई को लेकर सभी अध्यापक दृढसंकल्प बद्ध हैं। इस मौके पर कुसुमलता, निर्मला देवी, जितेंद्र चहल, बिजेंद्र सिंह, राजेश, अजमेर राठी, सत्यवान शर्मा, जगबीर, सीमा रानी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार

**जींद।** बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय भारत राष्ट्रीयध्यक्ष डा. शिव शंकर सिंह पाहवा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2024 के कैलेंडर में संशोधन करते हुए कुछ महापुरुषों से संबधित दिवसों को विशेष दिवस के रूप में घोषित किया है। इनमें अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर का शहीदी दिवस नौ जून, भाई लखी शाह जयंती चार जुलाई, भाई मखन शाह जयंती सात जुलाई, बाबा नाम देव जयंती 12 नवंबर है। निस्संदेह ऐसे महापुरुषों के दिवस मनाने से हमारा सुनहरी इतिहास न केवल जीवित रहेगा अपितु हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत भी बना रहेगा। बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय भारत बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यह कदम उठाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जीवन गाथा स्कूलों के पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाए ताकि आने वाली पीढ़ी को इस की जानकारी प्राप्त हो सके। जल्दी ही बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय भारत का एक प्रीतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से भी मिलेगा।

# रिदम ने स्वर्ण पदक कब्जाया

- हिंदी ओलंपियाड में मोतीलाल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटोःहरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित हुई हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। हिंदी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों में ओलंपियाड परीक्षा के तहत हिंदी परीक्षा का आयोजन किया गया। ओलंपियाड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देते हैं तथा सफलता हासिल करते हैं और आगे बढ़ते हुए दसवीं कक्षा का छात्र आयुष और सातवीं कक्षा के छात्र रिदम ने ओलंपियाड हिंदी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। द्वितीय स्थान पर कक्षा छठी की प्रणय ने अपना स्थान निर्धारित किया। ओलंपियाड परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले आयुष और रिदम को विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार तथा विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा, हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया व शुभकामनाएं दी गई।

---



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्र। फोटोःहरिभूमि

### मिशन बुनियाद-सुपर 100 परीक्षा बच्चों के लिए लाभकारी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के राजकीय कन्या स्कूल में मिशन बुनियाद और सुपर 100 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान फौगाट ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आइएएस अंकित कुमार चौकसे ने शिरकत की और जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी और विकल्प फाउंडेशन के डायरेक्टर नवीन मिश्रा ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सत्यवान फौगाट ने कहा कि ग्रामीण आंचल में रहने वाले बच्चों को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए मिशन बुनियाद और सुपर 100 बहुत ही लाभकारी हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य 8 वीं और दसवीं में पढ़ने वाले बच्चों को इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल में बुनियाद की कक्षाएं चल रही हैं। बुनियाद में दाखिला लेने के लिए आठवीं कक्षा पास करने पर परीक्षा के तहत मिशन बुनियाद में नौवीं कक्षा में दाखिला होता है और दसवीं कक्षा में पास करने वाले छात्रों का सुपर 100 के तहत 11वीं कक्षा में नीट और आइआइटी की तैयारी करने के लिए विज्ञान संकाय में दाखिला होता है। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# पीपीपी बना जी का जंजाल : सुभाष

- नही मिल पा रहा मजदूरों को योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जींद। बैठक में भाग लेते भवन निर्माण कामगार यूनियन के सदस्य। फोटोःहरिभूमि

जुलाना कस्बे के वार्ड 10 में भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने की। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए सुभाष पांचाल ने कहा कि हरियाणा में निर्माण मजदूरों के लिए भवन एवं सह निर्माण कर्मकार बोर्ड का गठन 2006 में हुआ और 2007 में मजदूरों का पंजीकरण होना शुरू हो गया लेकिन जब से परिवार पहचान पत्र बने हैं निर्माण मजदूर पंजीकरण के लिए सुविधाओं के लिए दरण्दर की ठोकरे खा रहे हैं। परिवार पहचान पत्र में निर्माण मजदूर की बजाय अन्य लेबर किया गया है। जो पंजीकृत मजदूर हैं उनका भी परिवार पहचान पत्र में अन्य लेबर किया गया है जिससे निर्माण मजदूर कोई भी फार्म अप्लाई करता है तो परिवार पहचान पत्र में जो त्रुटि है वह आगे आ जाती है। जिससे न तो उसका कोई फार्म अप्लाई होता और नहीं रिन्यूअल फीस जमा होती जिससे निर्माण मजदूर धक्के खाने को मजबूर है। श्रम कल्याण बोर्ड को चाहिए कि जो पंजीकृत मजदूर हैं उनका परिवार पहचान पत्र में जो त्रुटियां हैं, ठीक करने की जिम्मेदारी श्रम कल्याण बोर्ड की होनी चाहिए। जिससे निर्माण मजदूर को इसका लाभ मिल सके। रिक्वेस्ट डालने के बाद भी यह त्रुटियां ठीक नहीं हो रही हैं।



कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओ में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की।

### कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाया

**नरवाना।** वीरवार को हरियाणा महिला आयोग की पूर्व सदस्य व कांग्रेस नेत्री सुमन बेदी ने अपने निवास स्थान पर कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बेदी ने अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई और कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए विचार विमर्श किया। सुमन बेदी ने बताया कि देश को आजाद करवाने के लिए 1885 में कांग्रेस पार्टी का गठन किया गया। कांग्रेस पार्टी के वोमेश चंद्र बनर्जी को पार्टी का पहला अध्यक्ष नियुक्त गया। मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, 1959 में कांग्रेस में इंदिरा गांधी की एंट्री हुई और वह अध्यक्ष बनीं। उसके बाद सोनिया गाँधी राहुल गाँधी के बाद मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे साहब कुशलता पूर्वक संभाले हुए हैं। आज हरियाणा प्रदेश में उदय भान, भूपेंद्र सिंह हुड्डा व युवा नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा मौजूदा भृष्ट सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इस मौके पर मॉ वीरेंद्र लोन, सुलेख, मानव, संदीप, दनोदा, मंजीत फुलिया कला, अमर नैन धरोधी, अनिल जुल्हेडा, बलजीत खरल तारा चंद बल्याली मौजूद रहे।

---

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव भुसलाना में स्वागत

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचा लाभ : राजू मोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। योजनाओं का लाभ देते हुए। फोटोः हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीरवार को उपमंडल के गांव भुसलाना में समापन हो गया। इस मौके पर बतौर अतिथि सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार मोर, भाजपा वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा, भाजपा नेता विजय सैनी व भाजपा नेता जसमेर रजाना ने शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने अपनी जन्मभूमि भुसलाना पहुंचने पर सभी नेताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके अलावा गांव के सरपंच रविंद्र चेची ने गांव की ओर से अतिथियों व अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान सरकार के विभिन्न महकमों के द्वारा करीब दो दर्जन अलग-अलग स्टालें लगाई गई और ग्रामीणों को जानकारी देकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। अतिथियों ने ग्रामीणों को उज्जवला योजना के सिलेण्डर व लाल डोरे के अंतर्गत स्वामित्व योजना के कागजात सौंपे। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य जांचकर उनको उचित परामर्श व दवाईयां प्रदान की गई। इसके साथ-साथ विशेष रूप से पहुंचे रथ में लगी बड़ी एलईडी के द्वारा ग्रामीणों को फिल्म दिखाकर सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रभावशाली योजनाओं द्वारा लोगों को लाभ पहुंच रहा है। आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। युवाओं और महिलाओं की आजीविका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार अंतोदय की भावना के अनुरूप विकास का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। लोगों को योजना का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है और इस यात्रा का निश्चिख्त तौर पर जनता को लाभ पहुंचा है।

**ये थे मौजूद**

बीडीपीओ राज सिंह, एससीपीओ नरेश कुमार, एबीपीओ अनिल अत्री, सचिव मनजीत सिंह, गांव भुसलाना के सरपंच रविंद्र सिंह, गांव डिडवाड़ा के सरपंच राजन, पूर्व मार्किट कमेटी चेयरमैन स. महेंद्र सिंह चट्ठा, स. निशान सिंह व स. बक्खा सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।



नरवाना। कार्यकारिणी की मीटिंग में मौजूद कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज संघ सदस्य।

### कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ की बैठक रोहतक में कल

**नरवाना।** हरियाणा कंपयुटर प्रोफेशनल्ज संघ ने अपनी मांगो को लेकर जारी आंदोलन को दूसरे चरण में पहुंचाने की तैयारी कर ली है। जिसको लेकर आगामी 30 दिसंबर को रोहतक में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक सफल बनाने को लेकर गुरूग्राम से ललित जेपी, संजय अहलावत, भूपेश यादव, सिल्की सुखीजा, रितू छाबड़ा व रोहतक से संदीप कुमार, महावीर, देवेंद्र को जिम्मेवारियां सौंपी गई है। जानकारी देते हुए प्रदेश प्रैस प्रवक्ता राजेश श्योकंद ने बताया कि पिछले समय से जो मांगो को लेकर आंदोलन चला आ रहा है उस आंदोलन की समीक्षा एवं आगामी आंदोलन को लेकर रणनीति बनाने के लिए पूरे प्रदेश के सभी जिलों से जिला कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी गहन मंथन करेगी। इसी कड़ी में कल गुरूग्राम व रोहतक जिले के सभी कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज के साथ प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह व रा'य संयोजक राजेश गौतम ने अपने प्रदेश कार्यकारिणी के सहयोगियों के साथ गुरूग्राम व रोहतक में अब तक हुए आंदोलन से परिचित करवाया और आने वाले समय में संगठन के सामने जो चुनौतियां है उनका डटकर मुकाबला करने के लिए सभी साथियों को एकजुट होने का आह्वान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुखविन्द्र, संदीप बामल, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गुरु गोबिंद सिंह के परिवार की शहादत को किया नमन

**गुहला-चीका।** छोटे साहिबजादो के शहीदी दिवस के मौके पर डी ए वी स्कूल की ओर से गुहला रोड पर स्थित स्कूल के बाहर चाय व ब्रैड का लंगर लगाया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्या पूनम सिंह ने कहा कि रक्षा हेतु अपना बलिदान देने वाले गुरू गोबिंद सिंह के परिवार का आज पूरा देश ऋणी है बाबा जोरावर सिंह ओर बाबा फतेह सिंह जी के बलिदान दिवस पर डी ए वी स्कूल उन्हें नमन करता है।



### नशे के प्रति कैथल पुलिस का अभियान जारी

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत मंगलवार को बरटा गांव में इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा स्कूली बच्चो व ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस दौरान टीम द्वारा बच्चों और ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की गलियों में एक पैदल यात्रा निकाली गई।



### छोटे साहबजादों की शाहदत मुगलों का जघन्य अपराध

**पूंडरी।** गुरुकुल पूंडरी में गुरु गोबिंद सिंह के चारों शाहबजादों की शाहदत दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुकुल के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र शर्मा व अध्यक्षता प्रिंसिपल सुमन कुमारी ने की। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट के माध्यम से चारों शाहिबजादों की जीवन और शाहदत को दिखाया गया। बताया गया कि किस प्रकार गुरु गोबिंद सिंह ने अपना सर्वसर देश और सिक्ख धर्म के लिए कुर्बान कर दिया। मुगलों के सामने ना झुक्कर चारों साहबजादों ने सिक्ख धर्म को ना छोड़कर अपने प्राणों की आहुति दे डाली।

### जजपा युवा नेता राजू ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**पूंडरी ।** जेजेपी के युवा नेता और हलका अध्यक्ष राजू पाई ने कहा कि वे शुरू से ही गलत कार्यों के खिलाफ आवाज उठाते आए हैं और हमेशा उठाते रहेंगे। हलके के कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधते हुए राजू पाई ने कहा कि कांग्रेस के लोग केवल अपने बड़े नेताओं की हाजिरी लगाने में व्यस्त हैं। जनसंपर्क अभियान के पश्चात अनाज मंडी पूंडरी में एक भेंटवार्ता कर कहा कि विधायक की दमनकारी और भ्रष्टाचार की नीति से तंग होकर ही नपा के पार्षदों ने उनसे बगावत की थी।
जिस दिन से पार्षदों व चेयरपर्सन ने जेजेपी ज्वाइन की थी उसी दिन से विधायक के पेट मे दर्द था

## भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कर लोगों को बताईं सरकार की योजनाएं

# जरूरतमंदों के दरवाजे तक योजनाएं लेकर पहुंच रहा मोदी की गारंटी का रथ : कमलेश ढांडा

माजरा रोहेड़ा और रोहेड़ा गांवों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंची राज्यमंत्री कमलेश ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी के रथ गांव-गांव जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का आधार साबित होगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है और वास्तविक लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा माजरा रोहेड़ा और रोहेड़ा गांवों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कार्यक्रम में स्टॅालों का निरीक्षण किया, लाभार्थियों से सीधा संवाद किया, मौजूद नागरिकों को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। पात्र लाभार्थियों और होनहार छात्रों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनैक्शन भी वितरित किए। राज्यमंत्री ने कहा कि आगामी 24 वर्षो में भारत को विकसित बनाने की जिमेदारी युवाओं के कंधे पर है। मौजूदा युवा पीढ़ी और भावी युवा पीढ़ी को अमृत काल में देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीति रही है कि क्षेत्र के विकास में स्थानीय लोगों की बराबर भागीदारी हो। सरकार में मंत्री रहते हुए हलके के लोगों की सेवा ही परमो धर्म मानकर काम किए हैं।



**कैथल।** राज्यमंत्री कमलेश ढांडा माजरा रोहेड़ा जन संवाद कार्यक्रम में स्टालो का निरीक्षण करते हुए



**कैथल।** राज्यमंत्री कमलेश ढांडा माजरा रोहेड़ा में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

### गांव फ्रांसवाला और धुंधरेहड़ी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कैथल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव फ्रांसवाला और धुंधरेहड़ी में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा में बीजेपी नेता बंसी लाल ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॅालों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई और होनहार स्कूली बच्चों को सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण आंचल में लोगों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदया योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना आदि चलाई जा रही हैं।



**कैथल।** बीजेपी नेता बंसी लाल फ्रांसवाला में महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए



### डीपो की दुकानों पर पूरा राशन न पहुंचने का आरोप

■ राशन की पूरी आपूर्ति न करने के विरोध में खेत मजदूर यूनियन करेगी जिला स्तरीय प्रदर्शन

**कैथल।** सरकार एक तरफ तो कहती है बी पी एल व ए ए वाई के कार्ड धारकों को मुफ्त में राशन मिलता रहेगा लेकिन दूसरी तरफ राशन डिपो की दुकानों पर पात्र उपभोक्ताओं को राशन देने के लिये राशन की पुरी आपूर्ति नही की जा रही है। ऐसे में करीब आधे से ज्यादा जरुतमंद उपभोक्ता राशन लेने से वंचित हो रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत काम मांगने वालों को काम नही, पात्र व्यक्तियों को घर बनाने के लिये अनुदान नही तथा जन कल्याणकारी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार के कारण लोग बहुत आहत हो रहे हैं। यह बात एआईएडब्लयूयू हरियाणा के महासचिव प्रेम चंद ने अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी कैथल की शहीद भगत सिंह भवन में हुई मीटिंग के दौरान कही। मीटिंग की अध्यक्षता विक्रम खेडी ने की। महासचिव ने कहा केंन्द्र व राज्य सरकार की गलत व असमानता पुर्ण नीतियों की वजह से ही समाज में बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार व अपराध की घटनाएं निरंतर बढ रही है।उन्होने कहा जब तक जन हितैषी वैकल्पिक नीतियाँ लागू नही की जाती जब तक समाज में गैर बराबरी का अन्धियारा कायम रहेगा।

# खुराना में 31 को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

■ फौजी कर्मबीर ने सभी युवाओं से रक्तदान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवा कल्याण समिति खुराना एवं वार्ड 10 से जिला पार्षद प्रतिनिधि फौजी कर्मबीर प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार की टीम द्वारा 31 दिसंबर दिन रविवार को हर्बल पार्क खुराना में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। फौजी कर्मबीर ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति रूटीन में रक्तदान करें क्योंकि रक्तदान महादान होता है, इससे किसी भी अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में भारी संख्या में युवा व अन्य व्यक्ति रक्तदान करेंगे। उन्होंने बताया कि वे रक्तदान के लिए युवाओं को जागरूक करने में जुटे हैं।



**कैथल।** फौजी कर्मबीर युवाओं को रक्तदान बारे जागरूक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### कैथल जिला पुलिस में रिक्त 12 पदों पर भर्ती प्रक्रिया 5 जनवरी से

**कैथल।** स्पेशल पुलिस अफसर (एस.पी.ओ.) के लिए कैथल जिला में रिक्त हुए 12 पदों पर भर्ती हेतू 5 जनवरी 2024 की सुबह 9 बजे पुलिस लाईन में भर्ती बोर्ड द्वारा चयन प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसमें भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिक व केंद्रीय सशस्त्र बल (सीएपीएफ) से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी, भूतपूर्व एचएसआईएफ के सिपाही तथा एचएपी बटालियन 819 के चयनित उम्मीदवार शामिल हो सकते है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना की अध्यक्षता में भर्ती बोर्ड गठित किया गया है। एस.पी.ओ. पद पर भर्ती होने के इच्छुक उम्मीदवारों की आयु 25 से 50 वर्ष के मध्य तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास होनी चाहिए। स्पेशल पुलिस ऑफिसर के पद पर भर्ती होने के इच्छुक उम्मीदवार 5 जनवरी 2024 शुक्रवार को सुबह 9 बजे पुलिस लाइन कैथल में अपने सभी मूल प्रमाण पत्र व उक्त दस्तावेजों की दो-दो सत्यापित प्रतियों को साथ लेकर पहुंचे, जिनमें सर्विस बुक की छाया प्रति, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, 6 पासपोर्ट साईज फोटो, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आईडी इत्यादि दस्तावेज शामिल है।

# शहीदी दिवस पर किया अखंड पाठ

■ शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन की साध संगत की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कैथल पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित वधवा सैलर में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन आज अखंड पाठ का भोग डालकर समापन किया गया। आज अंतिम दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सीवन के सैकडों गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इसके साथ चल रहे अटूट भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मौजूद गुरदीप चीमा, अमरेंद्र सिंह खारा, गोल्डी चटठा, गुरदेव सिंह, हरप्रीत विर्क, सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह आदि ने बताया कि कमेटी के सदस्यों द्वारा समस्त साध संगत के सहयोग से हर वर्ष साहिबजादों के शहीदी दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



**कैथल।** सीवन भंडारे में लगर ग्रहण करते में श्रद्धालु।

# ट्रैफिक पुलिस ने बताए यातायात के नियम

■ बिना नंबरों के वाहनों के चालान के साथ किए जा रहे है इंपाउंड : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक पुलिस स्कूल, कालेजों, बस स्टैंड सहित सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि जो वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते या जिनके नंबर अंकित नहीं होते उनके चालान करने के साथ बिना कागजातों के वाहनों को इंपाउड़ भी किया जा रहा है। कई बार मौके पर ही पेंटर को बुलाकर बिना नंबरों के वाहनों पर नंबर भी लिखवाए जा रहे है। ट्रैफिक प्रभारी ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस आरएसओ टीम के साथ धुंध के मौसम में वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लैक्टर टेप भी लगाने के साथ सभी चालकों को वाहनों पर रिफ्लैक्टर टेप लगाने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से पूरी ईमानदारी से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।



रमेश कुमार, जिला ट्रैफिक पुलिस प्रभारी



### साहिबजादों की याद में किसान भवन में सुखमनी साहिब का पाठ किया

**गुहला-चीका।** साहिबजादों की याद में चल रहे एक सप्ताह का कार्यक्रमों के दौरान आज यहां इलाके की समूह संगतों द्वारा किसान भवन चीका में सुखमनी साहब के पाठ का भोग डाला गया। उक्त सम्बन्ध में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने बड़े उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने छोटे साहिबजादो को जिंदा दीवारों में चिनवाने व ऐसे में उनकी वीर गाथा के किस्से सुनाकर लोगों के मनों में उनके प्रति अटूट श्रद्धा पैदा की। वक्ताओं ने सिख इतिहास, संस्कृति और गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं के ज्ञान का भी बखान किया। इसके अतिरिक्त स्कूलों में भी कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को छोटे साहिबजादों की विरासत से प्रेरित बहादुरी की भावना दिखाने के लिए मार्शल आर्ट गतके के गहने व अन्य कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

# स्लोगन प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी की शाखा डीएवी यूनाइटिड के द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के पांचवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने वायु सेना फाइटर के द्वारा हमारे देश की सुरक्षा में दिए गए योगदान के प्रति आभार व अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए स्लोग्न लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस लेखन कार्यक्त्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की।

प्राचार्या ने अपने संदेश में कहा कि देश की सुरक्षा व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना निस्वार्थ योगदान देने वाले वीर जवानों के सम्मान में सभी बच्चों को सलोग्न के माध्यम से आभार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या ने कहा कि हमारे वीर जवान चौबिसों घंटे सीमा पर तैनात रहते हैं। जिसकी वजह से हम सुरक्षित महसुस करते हैं और चैन से रह पाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक विकास जैन ने भी सभी बच्चों को सलोगन लेखन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों सहित अध्यापकों ने भी इस कार्यक्त्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया।



**कैथल।** डीएवी स्कूल के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

### कीर्ति का राष्ट्रीय वालीबाल में हुआ चयन

■ छात्रा की इस उपलब्धि पर जहां स्कूल व परिजनों में खुशी का माहौल है

**पूंडरी ।** एएस सीनियर सैंकेडरी स्कूल पूंडरी की 9वीं क्लास की छात्रा कीर्ति का अंडर-17 आयु वर्ग में वालीबाल खेल में नैशनल लैवल पर चयन हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर जहां स्कूल व परिजनों में खुशी का माहौल है तो वहीं कीर्ति को बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। स्कूल प्रबंध कमेटी के कोषाध्यक्ष विवेक बंसल ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढकर भाग लेते हैं। छात्रा कीर्ति की पढ़ाई के साथ-साथ टेबल टैनिस खेल में रुचि है और वह पूरा मन लगाकर प्रैक्टिस करतीं रहती है। अब उसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ जोकि विद्यालय के लिए भी गर्व की बात है। विवेक बंसल ने कहा कि कीर्ति ने कोच, स्कूल, परिजनों के साथ-साथ जिले व प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं और देश-प्रदेश में अपनी प्रतिभा के बलबूते पर नाम रोशन कर रही हैं।

## रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की सरहाना की

# जरूरतमंद की मदद को तत्पर रहना चाहिए : डा. सुशमा

■ जिला रैडक्रॉस के सचिवों की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वाईस चेयरपर्सन डॉ. सुशमा गुप्ता तथा डॉ. मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ द्वारा हरियाणा की समस्त रेडक्रॉस सोसायटीज एवं सैंट जॉन एम्बुलैंस एसोसिएशन की गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु हरियाणा के सभी सचिवों, सहायक सचिवों एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारियों के साथ स्थानीय कोयल कोम्पलैक्स में एक मीटिंग का आयोजन किया गया।इस मीडिंग का शुभारंभ डॉ. सुशमा गुप्ता वाईस चेयर पर्सन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया। डा. सुशमा गुप्ता वाइस चेयरपर्सन ने रेडक्रॉस सोसायटीज द्वारा जन कल्याण में चलाई जा रही गतिविधियों बारे विस्तृत रूप में चर्चा की एवं रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याण के कार्यक्रमों की भरपूर प्रशंसा की एवं बताया कि सभी सचिवों एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं सैंट जॉन एम्बुलैंस एसोसिएशन दिन-दुगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रही है।






**कैथल।** रेडक्रास की वाईस चेयरपर्सन डॉ. सुशमा गुप्ता तथा महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल सचिवों की मीटिंग लेते हुए

### रक्तदान शिविर लगाने पर दिया जोर

महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन, वर्ल्ड रैडक्रॉस-डे, जूनियर रैडक्रॉस गतिविधियों, यूथ रैडक्रॉस गतिविधियों, रैडक्रॉस के आय के साधनों को बढावा देने, आपदा प्रबन्धन, अस्पताल कल्याण समिति की गतिविधियों, किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए, बिग्रेड डिवीजन बारे सभी सचिवों से विस्तृत रूप में विचार-विमर्ष किया और अवगत करवाया कि रैडक्रॉस सोसायटीज द्वारा सभी स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए, जिससे कि किसी भी मरीज को रक्त की कमी न हो और जरूरतमंद को समय रहते रक्त उपलब्ध करवाया जा सके और मरीज के बहूमूल्य जीवन को बचाया जा सकें। इस मौके पर सचिव विजय लक्ष्मी अम्बाला, अन्जू कश्यप जिला प्रषिक्षण अधिकारी अम्बाला, बलवान सिह सचिव चरखी दादरी, चन्द्रशेखर, विजेन्द्र सोरोत फरीदाबाद, पुरुषोत्तम सैनी जिला प्रशिक्षण अधिकरी, सचिव श्याम सुन्दर फतेहाबाद रहे।

### समाजसेवी गुरमीत बुची ने बांटी जर्सियां

**कैथल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बुच्ची में समाजसेवी गुरमीत बुची द्वारा निशुल्क जर्सियो का वितरण किया गया। इस सर्दी के मौसम में गर्म कपड़ों का बड़ा महत्व है। इसी के मध्य नजर विद्यालय में जर्सिया वितरित की गई। बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया।इस अवसर पर डॉ महावीर सिंह ढुल मुख्य अध्यापक, गुरमीत बुची, श्याम सुंदर, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, पवन कुमार, रजनीश व दीपक वर्मा, एसएमसी प्रधान सुरेश कुमार भी उपस्थित थे । गांव खेड़ी सिकंदर के सरपंच हितेश कुमार, वीरेंद्र ढुल भी उपस्थित रहे। मुख्य अध्यापक ने बताया कि इस समय-समय पर गुरमीत बुची विद्यालय को अपना अमूल्य समय व पैसे का सहयोग देते रहे हैं।

**सूचना**

मैं, कविता पत्नी स्व. श्री विजय कुमार निवासी गांव देवरड़ तहसील जुलाना, जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरा पुत्र आयुष मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



जींद। उचाना ब्लॉक पेंशन बहाली संघर्ष समिति की आयोजित मीटिंग।

### संकल्प महारैली 11 फरवरी को जींद में

**उचाना।** उचाना ब्लॉक की पेंशन बहाली संघर्ष समिति की बैठक बिजली निगम उचाना के प्रांगण में हुई। 11 फरवरी को जींद में होने वाली ओपीएस संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए विस्तार से विचार विमर्श किया। अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान विकास खटकड़ ने की। संचालन कोषाध्यक्ष जसबीर चहल ने किया। राज्य कार्यकारिणी से अनुशासन समिति प्रधान वजीर गांगोली, जिला कमेटी से जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी अपना हक मांग रहे है।



सीवन। कन्या स्कूल की छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।

### राधिका ने कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सीवन।** सीवन के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन की कक्षा नौवीं की छात्रा राधिका ने जिला स्तर पर कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ग्यारहवीं की छात्रा भावना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल में पहुंचने पर इन छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मपाल ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि 9वीं कक्षा की छात्रा राधिका ने जिला स्तर की कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### कन्या विद्यालय चीका में जर्सी वितरण कार्यक्रम आज

**गुहला-चीका।** स्वतंत्र समूह सेवा समिति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा कल शुक्रवार को यहां राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में एक जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी स्वतंत्र समूह सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेश नैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अशोक श्योकन्द होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्वतंत्र समूह सेवा समिति के प्रधान कृष्ण श्योकन्द व अध्यक्ष प्रदीप मोर मौजूद रहेंगे।



कैथल। गुरुद्वारा साहिब रामनगर पहुंचे विधायक ईश्वर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### वीर साहिबजादों का बलिदान हमेशा रखा जाएगा याद

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने गुरुद्वारा साहिब रामनगर में पहुंचकर गुरू गोबिंद सिंह के महान बलिदानी पुत्रों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों के त्याग, बलिदान, शौर्य व पराक्रम की पराकाष्टा को याद करने का दिन है जिन्होंने अपने राष्ट्र धर्म और अपनी संस्कृति के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

## नायब तहसीलदार के नेतृत्व प्रशासन ने छुड़ाए अवैध कब्जे

# अटैला में 47 साल बाद लोगों को मिला 100-100 वर्ग गज के प्लाटों का कब्जा

- कार्रवाई के दौरान पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव अटैला में 47 साल बाद पिछड़े वर्ग के लोगों को उनकी 100-100 वर्ज गज जमीन का मालिकाना हक मिला। प्रशासन की मौजूदगी में अवैध कब्जाधारियों से जमीन छुड़वाकर गांव के पात्र लोगों को उनके रजिस्टरी के प्लॉटों पर कब्जा दिलाया गया। कब्जा कार्रवाई के दौरान सीवन के नायब तहसीलदार सुनील कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौजूद रहे। जबकि तहसील कार्यालय से कानूनगो, ग्राम सचिव व पटवारी भी मौके पर मौजूद रहे। अवैध कब्जाधारी प्रशासनिक कार्रवाई में किसी प्रकार की बाधा न डाल सकें, इसके दृष्टिगत पुलिस का भी सहयोग लिया गया। पुलिस दल-बल की मौजूदगी में ग्रामीणों को प्लॉटों के रूप में उनका मालिकाना





कैथल। 100-100 गजे के प्लाट छुडवाने को लेकर तैनात पुलिस बल तथा अटेला से अवैध कब्जे हटवाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हक दिलाया गया। प्रशासन व गांव के मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में ही ग्रामीणों ने प्लॉटों की नींव भरी गई। ग्रामीण रणजीत सिंह, राम सिंह, कृष्ण, बलकार, जगदेव, कृष्णचंद, रोशन लाल, जोनी व जितेंद्र ने बताया कि सरकार की ओर से उनके पिता अथवा दादा के नाम ये 100-100 गज के ये 10 प्लॉट इंदिरा आवास योजना के तहत वर्ष 1976 में आवंटित किए गए थे। इनकी रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेज भी उनके पास हैं। करीब 47 साल से गांव के ही कुछ लोगों ने पिछड़े वर्ग की इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। इस संबंध में उन्होंने कई बार प्रशासन मौजूदा सरकार के प्रतिनिधियों को शिकायतें की, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई और उन्हें उनकी जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिला। एक बार फिर से उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन और गुहला विधायक ईश्वर सिंह को इस संबंध में शिकायत की। साथ ही अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अब प्रशासन और विधायक के प्रयासों से गरीब तबके के लोगों को उनका हक मिला है। इसके लिए वे प्रशासन व विधायक का आभार व्यक्त करते हैं।

### ग्रामीणों को उनका हक मिला : प्रवीन कुमार

गांव के सरपंच प्रवीन कुमार ने कहा कि इस संबंध में पिछड़ा वर्ग समाज की शिकायत उन्हें भी मिली थी, जिसे प्रशासन के संज्ञान में लाया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत ग्रामीणों को उनका हक मिला है। यह पंचायत और गांव के लिए अच्छी बात है।

### लिखित शिकायत पर कार्रवाई

गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि इस संबंध में ग्रामीण उनसे मिले थे और लिखित शिकायत दी थी। उसी पर कार्रवाई करते हुए पात्र व्यक्तियों को उनका हक दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि प्रत्येक व्यक्ति को उसका हक मिले और सही न्याय मिले।

# बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- सुरजेवाला ने कहा, हरियाणा सहित पंजाब में भी बेरोजगारी का बढ़ रहा ग्राफ



रणदीप सिंह सुरजेवाला

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कैथल से एक बयान जारी करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में युवा आज रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है, मोदी सरकार ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया लेकिन वो भी एक जुमला साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट के मुताबिक आज हरियाणा और पंजाब के आंकड़े भीषणतम बेरोजगारी में चिंता का विषय है। उससे भी ज्यादा चिंता यह है कि 15 से 29 साल की उम्र के नौजवानों में भयंकर बेरोजगारी दर सरकारों व पूरे तंत्र की घोर नाकामी दशार्ती है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी का आलम अगर देखा जाए तो जिस प्रांत में 15 से 29 साल के लड़के-लड़कियों की बेरोजगारी दर 33.2% हो (जो हरियाणा में है), या फिर 36.5% हो (जो पंजाब में है), क्या वो प्रांत और उनकी सरकारों को सब कुछ छोड़ केवल युवाओं पर ध्यान नहीं देना चाहिए। लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट रोजगार का सबसे बड़ा मानक है।, जिसके मायने हैं कि कुल से कितने परसेंट लोग नौकरी पर हैं या नौकरी तलाश रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में 15 से 29 साल के युवाओं का ह्वलेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 38.5% है, यानि हरियाणा में केवल 38.5% युवा ही रोजगार पर हैं। मतलब साफ है - हरियाणा में 15 से 29 साल के 61.5% युवाओं के पास न तो रोजगार है और न ही रोजगार मिलने की उम्मीद। यही हाल पंजाब का है। सुरजेवाला ने भाजपा जजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जो प्रांत हर 100 में से 61 युवाओं को रोजगार नहीं दे सकता, क्या वहाँ सत्ता में बैठे हुक्मरानों को सत्ता में बने रहने का अधिकार है? सोचिये, समझिये और फैसला करिए कि कौन इस स्तिथि को दूरस्त करने की सोच रखता है।

### आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** शुक्रवार को 220केवी जींद 132 पर सालाना मुरम्मत के काम के चलते बिजली सप्लाई पांच घंटे बंद रहेगी। अधीक्षक अभियंता प्रमोद बंसल के अनुसार इस पावर हाऊस से जुड़े 11केवी जीतगढ़, अहिरका, एसटीपी, नवनीत, पीजीसीएल, झांझ, रूपगढ़ और अमरहेड़ी जगमग का एरिया बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखकर काम किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस परेड मे भाग लेगी सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की छात्रा शीतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अजंना लोहान ने बताया कि उनके महाविद्यालय की छात्रा शीतल का चयन दिल्ली के राजपथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड़ में हो गया है। एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ0 नयनदीप ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया है गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली परेड में चयनित होना कोई आसान का काम नहीं है। शीतल सुपुत्री सतीश कुमार ने आर्मी के पाँच सख्त ट्रेनिंग कैम्पों में सफलता पाई है। इन



नरवाना। दिल्ली राजपथ पर आयोजित गणतंत्र परेड में चयनित छात्रा शीतल।

पांच कैम्पों में से दो कैम्प यमुनानगर व तीन कैम्प रोपड़ में लगे। इन पाँचों कैम्पों में बड़ी कठिन प्रक्रियाओं जैसे फायरिंगए ड्रिल व सख्त फिजिकल ट्रेनिंग को पार करके अपनी कड़ी मेहनत व सख्त अनुशासन का परिचय देते हुए हमारी 15 हरियाणा बटालियन जीन्द की कैडेट शीतल ने इस शानदार सफलता को प्राप्त किया है। गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा बनना बहुत विद्यार्थियों का सपना होता है। पर इस सपने को साकार शीतल जैसे अनुशासनबद्ध, मेहनती, परिश्रमी विद्यार्थी ही साकार कर पाते हैं। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिंगला ने इस शानदार सफलता के लिए कॉलेज प्राचार्या डॉ0 अंजना लोहान, एनसीसी प्रभारी डॉ0 नयनदीप एनसीसी ट्रेनर प्रीति, स्टाफ सदस्यों, छात्रा शीतल व उसके माता.पिता को बधाई दीं।

## कन्या स्कूल पालवां के दौरे पर पहुंची विभाग की टीम

- विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर नही था चाइल्ड हैल्प नंबर
- शिकायत पेटिका में नहीं मिली कोई शिकायत
- विद्यालय करें विद्यार्थी का सवांर्गीण विकास : मीना शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में बच्चों के अधिकारों के ऊपर जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्यअतिथि के रूप में रा'य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मीना शर्मा, सदस्य डा. मांगेराम ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता, खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने संयुक्त रूप से की। आयोग की टीम द्वारा गांव पालवां के राजकीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। आयोग द्वारा विद्यालय में काफी कमियां नोट की गई। विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चाइल्ड हैल्प नंबर तक नहीं लिखा हुआ था।

आयोग द्वारा सुझाव एवं शिकायत पेटिका को खोला गया जिसमें कोई शिकायत बच्चों द्वारा की हुई नहीं प्राप्त हुई। सबसे पहले विद्यालय प्रांगण में कक्षा छठी से आठवीं, नौवीं से दसवीं तथा 11वीं से 12वीं के छात्राओं द्वारा महिला उत्पीड़न, बाल संरक्षण पर बेहतरीन पेंटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के एडवोकेट देवराज द्वारा स्कूल सेफ्टी पर विस्तृत व्याख्या की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मानव तस्करी विरोधी सेल के वेद प्रकाश, संदीप, कुसुम शर्मा, रमेश चंद्र, बलवान बूरा, विद्यालय प्रिंसिपल सरोज श्योकंद, खंड के विभिन्न गर्ल स्कूलों से आए प्रिंसिपल विनोद कुमार, ओम दत्त शर्मा, सरोज चहल, सुनीता मोर, राजुला मौजूद रहे।

## बेलरखां स्कूल प्रदर्शनी में ओवरऑल चैंपियन



नरवाना। विजेता विद्यार्थीयों को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

- शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद डिफेंस कॉलोनी में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत तीन प्रतियोगिताएं विज्ञान मॉडल रोल प्ले और पोस्टर मेकिंग करवाई गई। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा इस प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बना। कक्षा वर्ग छठी से आठवीं में रोल प्ले हेल्थ में वर्णिका प्रथम, पोस्टर मेकिंग के अंतर्गत कम्युनिकेशन तथा ट्रांसपोर्ट थीम के अंतर्गत विशाल प्रथम, पोस्टर मेकिंग कंप्यूटेशनल थिंकिंग में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा नवमी से बारहवीं वर्ग में मॉडल मेकिंग हेल्थ में जानवी प्रथम, पोस्टर मेकिंग हेल्थ थीम में हर्षदीप की जिला सत्र पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, टीम का विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने नोडल अधिकारी प्राध्यापक जीव विज्ञान हरदीप सिंह, कपिल कुंडू, गणित प्राध्यापक सुनील गोयल, सुनील कुमार प्राध्यापिका किरण व विद्यार्थियों को बधाई दी। उसके बाद विजेता विद्यार्थीयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसएमसी प्रधान सूबेदार सुखबीर शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और बताया कि प्रधानाचार्य बलजीत गोयत के निर्देशन में विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

## बांगर की धरती से पूरे प्रदेश में जाएगा सौहार्द का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

- बांगर उत्सव के माध्यम से जाना जाएगा अब तक का बांगर का सफर



सज्जन सिंह, चेयरमैन बांगर शिक्षा समिति।

बांगर शिक्षा समिति चेयरमैन सज्जन सिंह ने कहा कि बांगर उत्सव संगठन द्वारा एक जनवरी को आयोजित होने वाला बांगर उत्सव ऐतिहासिक होगा। बांगर की धरती से पूरे प्रदेश में सौहार्द का संदेश इस कार्यक्रम से जाएगा। जींद जिले के राजनीति, गैर राजनीति इतिहास के साथ-साथ जींद के होनहार लोगों, युवाओं के बारे में भी बांगर के लोग आ सकेंगे। कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीति होगा। राजीव गांधी महाविद्यालय परिसर में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। इसको लेकर तैयारी जोरों पर है। अलग-अलग टीम बना कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। सज्जन सिंह ने बताया कि महिलाओं एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुरूषों के लिए रस्सा-कस्सी, पुरूषों एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर रेस, महिलाओं के लिए तीन टांग रेस, मटकी दौड़, पुरूषों के लिए गोला फैंक, युवाओं के लिए 1500 मीटर की दौड़ आयोजित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन, नृत्य, चुटकले, रागनी की प्रस्तुति होगी। प्रदर्शनी में अब तक का बांगर का सफर स्टॉलों के माध्यम से बांगर के लोग जा सकेंगे। भाषण प्रतियोगिता, 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित होगी। बागवानी सहित अन्य की जानकारी स्टॉलों के माध्यम से दी जाएगी। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बांगर उत्सव में उचाना हलका बनने के बाद से लेकर अब तक कितने विधायक चुने गए हैं, सभी की पूरी जानकारी, जींद जिले से संबंध रखने वाले सांसदों की पूरी जानकारी भी कार्यक्रम में आने वाले युवाओं, ग्रामीणों, आमजन को दी जाएगी।

### मकर संक्रांति पर शुरू होगी कांग्रेस की संदेश यात्रा

**उचाना।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र श्योकंद ने कहा कि कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा की अगुवाई में मकर संक्रांति के पर्व पर फरीदबाद से कांग्रेस संदेश यात्रा शुरू होगी। ये यात्रा 10 लोकसभा क्षेत्र एवं 90 हलकों में पहुंचेंगी। कांग्रेस रा'यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मंत्री किरण चौधरी भी इस यात्रा में शामिल रहेंगी। कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीयध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीयध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का संदेश घर-घर तक इस यात्रा के माध्यम से पहुंचाएंगे। उचाना हलके में पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत होगा। इससे पार्टी को मजबूती मिलेंगी।

## वेदांता स्कूल में हिंदी कैलीग्राफी वर्कशॉप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में विद्यार्थियों के हिंदी लेखन में सुधार हेतु वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें कुरूक्षेत्र से राइटिंग एक्सपर्ट यशवीर सिंह व उनकी टीम सभी विद्यार्थियों को पैराग्राफ लिखने के गुण सीखाने पहुंचे। यशवीर व उनकी टीम इस 15 दिवसीय कैंप में विद्यार्थियों की लिखाई पर कार्य कर रहे थे। इस



नरवाना। हिंदी लेखन में सुधार के गुण सिखाते हुए राइटिंग एक्सपर्ट यशवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

वर्कशॉप में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया व अपनी हिंदी कैलीग्राफी कला का बेहद खूबसूरत प्रदर्शन किया। डायरेक्टर इंजी0 प्रदीप नैन ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की हिंदी लिखाई में सुधार हेतु वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थी राइटिंग एक्सपर्ट यशवीर के मार्गदर्शन में हिंदी कैलीग्राफी क्लास लगाते हैं। जिससे उनकी लिखाई में काफी सुधार देखने को मिला। व्यक्तित्व की पहचान उनकी लिखाई से होती है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रवि श्योकन्द डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या वीना डारा उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में लोधर स्कूल के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरे स्थान पर रहे प्रतिभागी।

जींद के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जींद डिफेंस कॉलोनी में आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर के छात्र सुखदीप कक्षा आठवीं ने कृषि विषय में मॉडल मेकिंग में द्वितीय स्थान, सपना कक्षा आठवीं ने कॉम्प्यूटेशनल थिंकिंग विषय में द्वितीय स्थान प्राप्त करके गांव, विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य बटुकेश्वर दत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एडीसी जींद हरीश वशिष्ठ, जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं 1800-1800 रुपए प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्य बटुकेश्वर दत एवं संरपच प्रतिनिधि मंदीप कुमार की अगुवाई में विज्ञान अध्यापक बलिंद्र गिल एवं दोनों विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा का निखार होने के साथ उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। सरपंच प्रतिनिधि मंदीप कुमार ने भी बच्चों को खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छह पोजीशन एवं जिला स्तर पर दो स्थान हासिल करने पर बधाई दी।

## जींद में 76 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया जा रहा

# स्कूलों में छात्राओं को सुरक्षित माहौल देने की तैयारी

- शिक्षा विभाग स्कूल मुखियाओं व एबीआरएसी को बाल सुरक्षा अधिनियम के तहत देगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उचाना के स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं से कथित छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हो, शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के मुखियाओं व एबीआरएसी को बाल सुरक्षा अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देगा। इसके लिए सभी



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी।

सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों का प्रशिक्षण शिविर एक जनवरी से शुरू होगा। जबकि एबीआरसी के लिए ये प्रशिक्षण 29 दिसंबर तक डाइट संस्थानों में आयोजित करवाए जा रहे हैं। जींद में 76 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया जा रहा है। जोकि पहली जनवरी से स्कूल मुखिया को प्रशिक्षण देंगे। इतना ही नहीं इन प्रशिक्षण शिविरों में महिला एवं बाल विकास से भी अधिकारी शिरकत करेंगे और विभिन्न मुद्दों पर वो भी स्कूल मुखियाओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में छात्राओं को और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

### स्कूल मुखियाओं को छात्राओं से छेड़खानी रोकने के लिए करेंगे प्रोत्साहित

अधिकारियों के अनुसार इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य स्कूल मुखियाओं को छात्राओं से छेड़खानी रोकने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके लिए प्रशिक्षण शिविर में इस तरह के मामलों से मुख्याध्यापक और सरकारी अध्यापकों के खिलाफ होने वाली विभागात्मक और कानूनी कार्रवाई के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा। सभी स्कूल मुखिया प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने स्कूल में जाकर पूरे स्टाफ से इस प्रशिक्षण को सांझा करेंगे ताकि स्कूलों में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### प्राचायोंर् को शीतकालीन अवकाश में दी जाएगी ट्रेनिंग

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि सरकारी स्कूलों में छात्राओं को पहले से भी 'यादा सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसीलिए पहले एबीआरसी को ट्रेनिंग दी गई है। इसके बाद शीतकालीन अवकाश में शेड्यूल बना कर स्कूलों के प्राचायोंर् को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### रधाना की पंचायत ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** रधाना गांव की पंचायत ने शराबबंदी की मांग को लेकर वीरवार को नायब तहसीलदार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि 2024-25 के वित्तीय वर्ष में उनके गांव में शराब ठेका न खोला जाए। ग्राम पंचायत का तर्क है कि गांव में शराब ठेका खुलने के बाद लड़ाई झगड़ों के मामले 'यादा आने लगे हैं। इससे गांव का आपसी भाईचारा खराब हो रहा है। रधाना गांव के सरपंच रामकुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से डीसी के नाम ज्ञापन सौंपे ज्ञापन में बताया कि गांव में ग्राम सभा की बैठक कर फैसला लिया गया है कि आगामी सत्र में वह शराब ठेका नहीं खुलवाना चाहते। सभी ग्रामीण इससे सहमत हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005